छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

सेक्टर 24, ब्लाक नम्बर 7,ए द्वितीय तल, मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर

क्र./लेखा/कैश एवं बैंकिंग/2022–23/687 नवा रायपुर, दिनांक 10.01.2022

//साख सीमा सुविधा प्राप्ति हेतु निविदा सूचना//

छ.ग. राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किये जाने हेतु चांवल उपार्जन एवं अनुषांगिक जिन्सों को क्रय करने हेतु छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमि. को **खरीफ विपणन वर्ष 2022–23** के कार्यशील पूंजी हेतु कुल राशि 5000 करोड़ (पांच हजार करोड़ रूपए मात्र) की साख सीमा के लिये भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की अनुसूची–दो के भाग 'ए' तथा 'बी' में सूचीबद्ध राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों से दि. 02.02.2023 को 2.00 बजे अपरान्ह् तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

प्रस्ताव के शर्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिये निगम मुख्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है अथवा छ.ग. शासन की वेबसाइट www.cgstate.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यपालन संचालक (वित्त)
मुख्यालय रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

सेक्टर 24, ब्लाक नम्बर 7,ए द्वितीय तल, मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर

क./लेखा/कैश एवं बैंकिंग/2022–23/689 नवा रायपुर, दिनांक 10.01.2023

//साख –सीमा सुविधा प्राप्ति हेतु निविदा सूचना//

छ.ग. राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किये जाने हेतु चांवल उपार्जन एवं अन्य अनुषांगिक जिन्सों को क्रय करने हेतु छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लिमि. की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता पूंजी की आवश्यकता पूर्ति करने के लिये गठित की गई राज्य स्तरीय समिति द्वारा दिये गये अनुमोदन अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2022–23 हेतु कुल राशि 5000 करोड़ (पांच हजार करोड़ रूपए मात्र) की साख –सीमा के लिये पूर्णतः या आंशिक हेतु भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की अनुसूची–दो के भाग 'ए' तथा 'बी' में सूचीबद्ध राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों से निम्नानुसार शर्तों के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर को रूपए 5000.00 करोड़ (पांच हजार करोड़ रूपए मात्र) हेतु पूर्णतः अथवा आंशिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जावे। उपरोक्तानुसार साख सीमा की राशि निविदा स्वीकृति के पश्चात् आवश्यकतानुसार एकमुश्त/किश्तों में राशि आहरित की जा सकेंगी।

2. छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर हेतु साख सीमा का न्यूनतम प्रस्ताव राशि रूपए 500.00 करोड़ (पांच सौ करोड़ रूपए मात्र) का होगा।

3. स्वीकृत साख–सीमा सुविधा विरूद्ध सिक्योरिटी हेतु मार्जिन राशि शून्य रहेगी। निगम द्वारा अन्य कोई गारंटी उपलब्ध नहीं कराई जायेगी।

4. साख–सीमा की सिक्योरिटी हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर हेतु सी.एम.आर. चावल का स्टॉक एवं बिल्स रिसीवेबल का हाईपोथिकेशन किया जा सकेगा।

5. प्रोसेसिंग एवं दस्तावेज शुल्क शून्य रहेगी।

6. राज्य शासन द्वारा घोषित अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस पर भुगतान करने की स्थिति में कोई दण्ड ब्याज मान्य नहीं किया जायेगा।

7. बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तावित ब्याज दरें राज्य शासन की प्रत्याभूति के साथ तथा राज्य शासन की प्रत्याभूति के बिना दोनों रूप में दी जावे।
8. निविदाकर्ता बैंक की शाखा, रायपुर छत्तीसगढ़ में होना अनिवार्य है।

9. ब्याज दर (Repo/MCLR/T-Link/Short Term/WCDL/WCTL) इत्यादि आधार पर ही प्रस्तुत की जावे। ब्याज दरों का प्रस्ताव 01 माह, 03 माह 06 माह तथा 01 वर्ष पर आधारित प्रस्तुत किया जाये। ऑफर का प्रारूप निम्नानुसार होगाः–

AMOUNT OFFERED IN CRORE OF RS	INTEREST RATE ((Repo/MCLR/T-Link/Short Term/WCDL/WCTL) FOR			
	ONE MONTH	THREE MONTH	SIX MONTH	ONE YEAR

10. साथ ही अनुबंध के दस्तावेज प्रारूप भी संलग्न करें।

11. साख–सीमा सुविधा की वैद्यता स्वीकृति दिनांक से अधिकतम एक वर्ष की अवधि हेतु रहेगी। आवश्यकतानुसार समय–समय पर बढ़ाई जा सकेगी।

12. प्रस्ताव स्वीकृति दिनांक से अधिकतम 15 दिवस की अवधि में साख–सीमा सुविधा आहरण हेतु उपलब्ध कराना होगा।

13. साख–सीमा स्वीकृति सुविधा के विरूद्ध वास्तविक आहरण की तिथि से ही ब्याज देय होगा।

14. ऋण पुनर्भुगतान हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व भी भुगतान किया जा सकेगा एवं भुगतान करने की तिथि तक ही वास्तविक ब्याज की राशि भुगतान की जा सकेगी।

15. जिन बैंकों के निविदा स्वीकृत किये जायेंगे, उन्हें अनुबंध पत्र में निविदा में उल्लेखित शर्तों को सम्मिलित कर अनुबंध का निष्पादन 07 दिवस के भीतर करना होगा।

16. निगम का वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 एवं 2020–21, 2021–22 (प्रक्रियाधीन) तक का अंकेक्षित वित्तीय पत्रक के आधार पर ही साख–सीमा उपलब्ध कराना होगा।

17. यदि सफल निविदाकार/निविदाकारों से संपूर्ण राशि की व्यवस्था नहीं हो पाती है और न्यूनतम से अधिक ब्याज दर निविदत्त करने वाले अगले बैंकों से साख/ऋण लेने की जरूरत पड़ती है, तो ऐसी दशा में अगले बैंकों से न्यूनतम ब्याज दर के समान अथवा उसके निकट दर पर ही साख/ऋण देने की सहमति दिये जाने हेतु निगोशियेशन बैठक में प्रस्ताव रखा जावेगा।

18. बैंकों से प्राप्त ब्याज दर के आधार पर एवं आवश्यकतानुसार निगोशियेशन के पश्चात् प्रस्ताव पर निर्णय लिया जावेगा। प्राप्त प्रस्ताव को मान्य/अमान्य करने का अधिकार राज्य स्तरीय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

19. साधारणतया बैंकों द्वारा ब्याज दर प्रत्येक माह के प्रथम तिथि पर ही Reset किये जायें।

- उपरोक्त साख–सीमा उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक बैंक अपने लेटर हेड पर प्रस्ताव सील बंद लिफाफे में छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक–A सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग. में दिनांक 02.02.2023 को दोपहर 2.00 बजे तक स्वयं/अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

- प्राप्त प्रस्ताव उंसी दिनांक 02.02.2023 को सायं 4.00 बजे उपस्थित बैंक के प्रतिनिधियों के समक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुख्यालय, ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक–A, सेक्टर–24 अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग. में खोला जावेगा।

- निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जावेगा।

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

संपर्कः– छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमिटेड
दूरभाष कमांक – 0771–2972367
मोबाईल कमांक– 94255.55495, 9981506141,
mail id – nancashbank@gmail.com

कार्यपालन संचालक (वित्त)
मुख्यालय रायपुर